# कक्षा - 11

## इतिहास

### विश्व इतिहास के कुछ विषय

अनुभाग-2 : साम्राज्य
विषय-3: यायावर साम्राज्य

भाग-1

मंगोल साम्राज्य का गठन

निर्मल सिंह



# विवरण (Overview)


1. मंगोल साम्राज्य का गठन
2. चंगेज़ खान और मंगोल साम्राज्य
3. चंगेज़ खान के उपरांत मंगोल
4. चंगेज़ खान और मंगोलों का विश्व इतिहास में स्थान




यूरोप
मॉस्को
रूसी सामंत देश
मंगोलिया
मंगोल साम्राज्य
कराकोरम
काला सागर
बाइज़ेंटाइन साम्राज्य
कैस्पियन सागर
ताशकंद
बुख़ारा
मर्व
समरकंद
तुर्फ़ान
ह्वांगज़ाओ
चीन
भूमध्यसागर
निशापुर
बल्ख
हिरात
बगदाद
फ़ारस
तिब्बत
दिल्ली
ओर्मुज़
फ़ारस की खाड़ी
हिमालय पर्वत शृंखला
गुआंगज़ाओ
बर्मा
अरब
लाल सागर
भारत
अरब सागर
बंगाल की खाड़ी
हिंद महासागर

# मंगोल साम्राज्य का गठन

- मध्य एशिया के मंगोल जिन्होंने तेरहवीं और चौदहवीं शताब्दी में पारमहाद्वीपीय साम्राज्य की स्थापना चंगेज़ खान के नेतृत्व में की थी।



13वी - 15वी

यायावर → घुमक्कड़

- उसका साम्राज्य यूरोप और एशिया महाद्वीप तक विस्तृत था।
- अपना 'यायावर साम्राज्य' बनाने के लिए उन्हें नए कदम उठाने पड़े।
- इस साम्राज्य का यूरेशिया के इतिहास पर गहरा प्रभाव पड़ा।

- मंगोल केवल अपनी स्टेपी परंपराओं के जरिए हाल ही में विजित क्षेत्रों का शासन नहीं चला सकते थे।
- क्योंकि इस नए क्षेत्र में उन्हें तरह-तरह के लोगों, अर्थव्यवस्थाओं और धर्मों का सामना करना पड़ा।
- मंगोल भाषाओं, उनके समाज और संस्कृति पर अतिउत्तम शोध बोरिस याकोवालेविच व्लाडिमीरस्टॉव जैसे विद्वानों ने किया।



- बारटोल्ड ने चंगेज़ खान और उसके वंशजों के अधीन मंगोलों का जीवन और उनकी उपलब्धियों के सकारात्मक और सहानुभूतिपरक विवरण दिया।
- चंगेज़ खान के विषय में सबसे प्राचीन विवरण मंगकोल-उन-न्यूतोबिअन (मंगोलों के गोपनीय इतिहास) जो मंगोल और चीनी भाषा में मिलते हैं।
- मार्कोपोलो द्वारा मंगोल राजदरबार का यात्रावृत्तांत लिखा गया।



## भूमिका

- तेरहवीं शताब्दी के प्रारंभिक दशकों में मध्य-एशिया के स्टेपी-प्रदेश में एक नयी राजनैतिक शक्ति का अभ्युदय हुआ।
- चंगेज़ खान (मृत्यु 1227) ने मंगोलों को संगठित किया।
- मध्य-एशिया के स्टेपी-प्रदेश मंगोल जातियों का महासंघ था।



- एक फ़ारसी इतिवृत्तकार जुवैनी ने 1220 ई. में बुखारा की विजय का वृत्तांत दिया है।
- चंगेज़ खान के वंशजों ने इस क्षेत्र से और आगे जाकर दुनिया के सबसे विशाल साम्राज्य का निर्माण किया।
- चंगेज़ खान के पोते, मोन्के (1251-60) ने फ्रांस के शासक लुई नौवें (1226-70) को चेतावनी दी।






- चंगेज़ खान के दूसरे पोते बाटू (Batu) ने अपने 1236-1241 के अभियानों में रूस की भूमि को मास्को तक रौंद डाला।
- उसने पोलैंड, हंगरी पर विजय प्राप्त की।




# मंगोलों की सामाजिक और राजनैतिक पृष्ठभूमि

- मंगोल विविध जनसमुदाय का एक निकाय था।




मंगोल
पूर्व
पश्चिम
तातार, खितान और मंचू लोग
तुर्की कबीले
भाषागत समानता

- कुछ मंगोल पशुपालक थे
- कुछ शिकारी संग्राहक थे।
- घोड़ों, भेड़ों और अन्य पशुओं जैसे बकरी और ऊँटों को भी पालते थे।
- उनका यायावरीकरण मध्यएशिया की चारण भूमि (स्टेपीज) में हुआ।



- जो आज के आधुनिक मंगोलिया राज्य का भू-भाग है।
- इसके पश्चिमी भाग में अल्ताई पहाड़ों की बर्फीली चोटियाँ थीं।
- दक्षिण भाग में शुष्क गोबी का मरुस्थल
- उत्तर और पश्चिम क्षेत्र में ओनोन और सेलेंगा जैसी नदियां थी।
- मंगोलों ने कृषि कार्य को नहीं अपनाया।

- मंगोल तंबुओं और जरों में निवास करते थे।
- वे अपने पशुधन के साथ शीतकालीन निवास स्थल से ग्रीष्मकालीन चारण भूमि की ओर चले जाते थे।
- आर्थिक संसाधनों में कमी होने के कारण उनका समाज अनेक पितृपक्षीय वंशों में विभाजित था।
- पशुधन को प्राप्त करने के लिए वे लूटपाट भी करते थे।



- वे अपनी रक्षा करने हेतु अधिक शक्तिशाली कुलों से मित्रता करके परिसंघ बना लेते थे।
- मंगोल और तुर्की कबीलों को मिलाकर चंगेज़ खान द्वारा एक परिसंघ बनाया गया।
- चंगेज़ खान की राजनीतिक व्यवस्था बहुत अधिक स्थायी रही।
- यह व्यवस्था चीन, ईरान और पूर्वी यूरोपीय देशों की सेनाओं का मुकाबला करने में सक्षम थी।

- स्टेपी क्षेत्र में संसाधनों की कमी थी।
- इसलिए मंगोलों और मध्य एशिया के यायावरों को व्यापार और वस्तु-विनिमय के लिए उनके पड़ोसी चीन के स्थायी निवासियों के पास जाना पड़ता था।
- यायावर कबीले खेती से प्राप्त उत्पादों और लोहे के उपकरणों को चीन से लाते थे।
- वे घोड़े, फ़र और स्टेपी में पकड़े गए शिकार का विनिमय करते थे।

- चीन को इन यायावरों से विभिन्न शासन-कालों में बहुत अधिक क्षति पहुँची।
- आठवीं शताब्दी ई.पू. से अपनी प्रजा की रक्षा के लिए चीनी शासकों ने किलेबंदी करना प्रारंभ कर दिया था।
- तीसरी शताब्दी ई.पू. से इन किलेबंदियों का एकीकरण सामान्य रक्षात्मक ढाँचे के रूप में किया गया
- जिसे आज 'चीन की महान दीवार' के रूप में जाना जाता है।



# सीखने के प्रतिफल (Learning Outcomes)

1. मंगोलों द्वारा साम्राज्य का निर्माण
2. मंगोलों की सामाजिक और राजनैतिक व्यवस्था



# मूल्यांकन (Assessment)

**1** मंगोलों को किसने संगठित किया?

अ चंगेज़ खान

ब मोहम्मद शाह

स नादिरशाह

द बाबर



# मूल्यांकन (Assessment)

**2** चंगेज़ खान की मृत्यु कब हुई?

अ 1220

ब 1227

स 1230

द 1210



# मूल्यांकन (Assessment)

**3** चंगेज़ खान के पोते मोन्के ने फ्रांस के किस शासक को चेतावनी दी?

अ लुई दसवें

ब लुई चौदहवें

स लुई नौवें

द लुई सोहलवें



# मूल्यांकन (Assessment)

**4** चंगेज़ खान के दूसरे पोते बाटू ने अपने 1236-1241 के अभियानों में मास्को, पोलैंड, हंगरी पर विजय प्राप्त की।

अ सत्य

ब असत्य



# मूल्यांकन (Assessment)

**5** चीन ने यायावरों से प्रजा की रक्षा के लिए रक्षात्मक ढाँचे के रूप में ..... का निर्माण करवाया।

चीन की महान दीवार

